# ओडिशा में फैली कन्नौज के इत्र की खुशबू

## पुरी में 40वें आयटो का वार्षिक सम्मेलन शुरू, पर्यटन विभाग के स्टॉल में पहुंच रहे काफी लोग

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आयटो) का 40वां वार्षिक सम्मेलन ओडिशा के पुरी में 22 से 25 अगस्त तक आयोजित हो रहा है। इसमें पर्यटन विभाग के स्टॉल पर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों, इत्र नगरी कन्नौज, आध्यात्मिक त्रिकोण (अयोध्या-काशी-प्रयागराज) और अयोध्या के दीपोत्सव का प्रदर्शन किया गया है।

यह पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। सम्मेलन में पर्यटन विभाग के स्टॉल का उद्घाटन ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने किया। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सम्मेलन में देश भर से आए प्रतिनिधि, टूर ऑपरेटर, होटल व्यवसायी और ट्रेवल मीडिया के प्रतिनिधि कन्नौज के इत्र में काफी रुचि ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे यूपी आकर इसके बारे में विस्तार से जानकारी लेंगे।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश पर्यटन को इस मंच से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाने का अवसर मिलेगा। यहां पर्यटन उद्योग के पेशेवरों और सरकारी हितधारकों की भागीदारी के साथ भविष्य पर विचार-विमर्श होगा। इस दौरान पर्यटन क्षेत्र से जुड़े निवेश, नवाचार और तकनीकी सहयोग जैसे मुद्दों पर भी चर्चा कर रहे हैं। सम्मेलन में प्रदेश पर्यटन के अधिकारियों ने अयोध्या के राम मंदिर सर्किट, वाराणसी रिवर फ्रंट और दुधवा व बुंदेलखंड में ईको-टूरिज्म से जुड़ी संभावनाओं की जानकारी दी।

पर्यटन व संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शाम को की जा रही है। इस अवसर पर पर्यटन महानिदेशक व अतिरिक्त सचिव केंद्र सरकार सुमन बिल्ला, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की चेयरमैन नीलू शर्मा तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



पर्यटन विभाग के स्टॉल पर जानकारी लेती ओडिशा की डिप्टी सीएम प्रवती परिदा। -विभाग